गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

SI न्यूज़

साप्ताहिक
# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 02 अंक : 17 गोरखपुर रविवार 13 अक्टूबर 2024 पृष्ठ : 8 मूल्य 02 रूपया

## दिल्ली में दिया जा रहा है हरियाणा के नए मंत्रिमंडल को अंतिम रूप!

# नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात नई जिम्मेदारी के लिए तैयार है मुख्यमंत्री साहब?

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा हरियाणा जीत चुकी है और अब नई सरकार बनाने की पूरी तैयारी हो रही है। सीएम कौन होगा और किसको क्या जिम्मेदारी दी जाएगा उसका फैसला दिल्ली में हो रहा हैं। इसी बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में उनके 7 आरसीआर लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की।

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में प्रचंड जीत के एक दिन बाद, राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की और उनके नेतृत्व के लिए उन्हें धन्यवाद दिया, जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एग्जिट पोल की भविष्यवाणियों को धता बताते हुए राज्य में हैट्रिक जीत दर्ज करने में सक्षम हुई। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब हरियाणा में भाजपा की सफलता के बाद नायब सिंह सैनी को अपने पद पर बने रहने के लिए कहा जा सकता है, जहां भाजपा ने 90 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है।

गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने हरियाणा में भाजपा की जीत का श्रेय

मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने की तैयारीहरियाणा के मुख्यमंत्री दिल्ली में हैं, जहां वे भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। समाचार एजेंसी सूत्रों के हवाले से बताया कि वे अपने नए मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी हाईकमान से सलाह–मशविरा कर सकते हैं। नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और कांग्रेस के मेवा सिंह को 16,054 मतों से हराया। कांग्रेस, जो मतगणना के शुरुआती रुझानों में आगे चल रही थी, 37 सीटों पर सिमट गई। इनेलो ने दो सीटें जीतीं और तीन निर्दलीय भी विजयी हुए।

मंगलवार को भाजपा ने कांग्रेस को हराने के लिए पीछे से वापसी की और 48 सीटों के साथ अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ जीत हासिल की, जिससे हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की कोशिशें धराशायी हो गईं। कांग्रेस की आसान जीत की भविष्यवाणी करने वाले एग्जिट पोल को गलत साबित करते हुए भाजपा लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस के लिए हरियाणा में हार एक बड़ा झटका है, जिसका असर आगामी चुनावों पर पड़ सकता है। हरियाणा चुनाव में हार के बाद



राहुल गांधी को भर–भर के ज्ञान देने लगे छक्का। गठबंधन के सहयोगी दल, कांग्रेस ने एक जवाब से कर दी सबकी बोलती बंद भाजपा ने आरामदायक बहुमत हासिल भाजपा ने 48 सीटें जीतकर आरामदायक बहुमत हासिल किया, जबकि कांग्रेस ने 37 सीटें और आईएनएलडी ने दो सीटें जीतीं। हरियाणा में 2019 के विधानसभा चुनावों में किंगमेकर की भूमिका के मुकाबले दुष्यंत चौटाला की जेजेपी ने कोई खास कमाल नहीं किया। जेजेपी ने 2019 में 10 सीटें जीतीं। कांग्रेस के सहयोगियों (इंडिया ब्लॉक के सदस्यों) की प्रतिक्रियाओं से संकेत मिलता है कि हरियाणा चुनाव के नतीजों ने चुनावी राज्यों में कांग्रेस के रुख को कमजोर किया है। अब सीट बंटवारे की बैठकों में कांग्रेस के सहयोगी दलों का पलड़ा भारी हो सकता है।

## खुद को किसी का बड़ा भाई नहीं समझना चाहिए, हरियाणा में कांग्रेस के पिछड़ने पर



### संजय राउत का बड़ा आरोप

एजेंसी

हरियाणा। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद महाराष्ट्र में उसके गठबंधन सहयोगी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) ने अकेले चुनाव लड़ने के कांग्रेस के फैसले पर असंतोष जताया है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने हालिया चुनावी नतीजों पर अपने विचार साझा किए और कांग्रेस की हार से सीखे जा सकने वाले सबक पर जोर दिया। राउत ने जोर देकर कहा कि हरियाणा के नतीजों का आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने राजनीतिक गुटों के बीच एकता और विनम्रता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी को भी खुद को किसी और का बड़ा भाई नहीं समझना चाहिए।हरियाणा में चुनाव जम्मू–कश्मीर के चुनाव के साथ ही हुआ, दोनों राज्यों में 90 सीटें थीं। राउत ने बताया कि जहां भाजपा ने हरियाणा में जीत का दावा किया, वहीं कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को जम्मू–कश्मीर में अपना प्रभाव बनाए रखने की उम्मीद है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने के प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के चित्रण की आलोचना करते हुए तर्क दिया कि इस महत्वपूर्ण संवैधानिक परिवर्तन के बावजूद भाजपा को अभी भी जम्मू–कश्मीर में झटके का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र टेम्पो से 5.3 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू उत्पाद जब्त, चालक गिरफ्तार राउत ने हरियाणा में भारतीय गठबंधन की विफलता को भी संबोधित किया और सुझाव दिया कि संयुक्त मोर्चा चुनाव परिणाम बदल सकता था। उन्होंने यह विश्वास करने के लिए।

## हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में चला योगी का जादू

# जिन सीटों पर किया प्रचार वहां बीजेपी का रहा शानदार स्ट्राइक रेट




एजेंसी

हरियाणा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी जीत को पार्टी के विकसित हरियाणा और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए समर्पित किया। हरियाणा के साथ–साथ जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के स्टार प्रचारक योगी का जादू दोनों राज्यों में चला, क्योंकि जिन सीटों पर उन्होंने सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया था, उनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें योगी सरकार की अनूठी पहल, प्रदेश की 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी हरियाणा में योगी आदित्यनाथ ने 21 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे पार्टी उम्मीदवारों के लिए 14 जनसभाओं को संबोधित किया था, इनमें से नौ सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। 10 साल की सत्ता विरोधी लहर और एग्जिट पोल को धता बताते हुए भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा की सत्ता में लौट आई। हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में प्रचार के लिए बीजेपी उम्मीदवारों के बीच योगी की मांग थी। योगी ने असंध, नरवाना, राई, अटेली, रादौर, जगाधरी, यमुनानगर, साढौरा, बवानी खेड़ा, हांसी, नारनौंद, साबिदां, पंचकुला, कालका, शाहबाद, कलायत और सफीदों विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा के मंत्री और सपा नेता की सोशल मीडिया की लड़ाई थाने तक पहुंचीउन्होंने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में फरीदाबाद एनआईटी, बल्लभगढ़, पृथला और बढ़कल विधानसभा क्षेत्रों के लिए संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। भाजपा को 14 विधानसभा सीटें मिलीं, जिनमें असंध, नरवाना, राई, अटेली, रादौर, यमुनानगर, बवानी खेड़ा, हांसी, साबिदां, कालका, सफीदों, फरीदाबाद एनआईटी, बल्लभगढ़ और बढ़कल शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ ने जम्मू–कश्मीर की 11 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए 5 रैलियों को भी संबोधित किया। 11 सीटों में से भाजपा को 10 सीटें मिलीं।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवक आन्दोलित: बंद रहे मेडिकल स्टोर, परेशान रहे मरीज



**संवाददाता–बस्ती।** एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर को लेकर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवक वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े झोलाछाप चिकित्सक आन्दोलन की राह अख्तियार कर लिये हैं। पिछले दिनों एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर आग की तरह फैल गई है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झोला छाप डाक्टरों पर अभियान चला कर उन्हें जेल भेजने का कार्य करेंगे। ग्रामीण चिकित्सकों में मची खलबली और भारी मांग को लेकर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम त्रिपाठी सभी जनपदों में प्राथमिक उपचार कर रहे स्वास्थ्य सेवकों की लगातार बैठक ले रहे हैं। बस्ती जनपद के गौर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम विश्वास तथा परशुरामपुर ब्लाक इकाई की बैठक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवकों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सम्पूर्ण परशुरामपुर ब्लाक के स्वास्थ्य सेवक अपनी क्लिनिक बन्द रखेंगे। साथ ही सभी मेडिकल स्टोर भी बन्द रहेंगे। यह बन्दी सोमवार को भी जारी रहेगा जिसमें सभी स्वास्थ्य सेवक बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभा रहे हैं।

मेडिकल स्टोर और झोला छाप चिकित्सकों के सामूहिक बन्दी से परशुरामपुर ब्लाक की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इधर उधर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सीएचसी और पीएचसी पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है अगर यही स्थिति बनी रही तो छोटी छोटी बीमारियों खांसी, जुकाम, बुखार के लिए जनता को हलकान होना पड़ेगा।

इस सम्बन्ध में संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ लालजी आजाद ने बताया कि अगर सरकार अपने फैसले वापस नहीं लेती है तो परशुरामपुर ब्लाक के साथ ही साथ पूरे जिले में मेडिकल स्टोर और झोला छाप चिकित्सक अपनी सेवाएं पूरी तरह बन्द रखेंगे।

उन्होंने कहा कि संगठन लगातार कई वर्षों से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवकों को प्रशिक्षित कर उनके रजिस्ट्रेशन की मांग करता आ रहा है। यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति मिलते ही ग्रामीण स्वास्थ्य सेवक राजधानी लखनऊ के लिए कूच करेंगे।

# 10 दिन में पूरा करना होगा भाजपा सदस्यता अभियान का लक्ष्य



**संवाददाता–बस्ती।** जनपद में चलाए जा रहे हैं भाजपा सदस्यता अभियान के तहत शनिवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी समीर सिंह मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र व संचालन देवेन्द्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि समीर सिंह ने कहा कि 30 सितंबर को प्रदेश की समीक्षा बैठक थी उसी के क्रम में जिला की समीक्षा बैठक हो रही है। भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत मंगलवार से की है जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस चरण में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को सदस्य बनाने पर फोकस है। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को सदस्यता अभियान समाप्त हो रहा है। जिले हर्रैया विधायक अजय सिंह 33124 सदस्य, व्यक्तिगत सदस्यता में विपिन शुक्ल ने 9263 सदस्य, ब्लाक प्रमुख में अनिल दुबे 4012 और चेयरमैन में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविन्द पाल ने 2115 सदस्य बनाने पर प्रोत्साहित किया गया। अभी 10 दिन का अभियान शेष बचा है, जिसमें हमें अपना लक्ष्य पूर्ण करना है।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि 6 अक्टूबर को पूरी पार्टी के ऊपर से लेकर नीचे तक के कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान में हिस्सा लेना है।

बैठक में गौ रक्षा सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, यशकांत सिंह, सुशील सिंह, पवन कसौधन, राजेश पाल चौधरी, अनिल दुबे, अंकुर वर्मा, दिनेश प्रताप सिंह, जगदीश शुक्ल, अमृत कुमार वर्मा, गजेन्द्र सिंह, राकेश श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, जटाशंकर शुक्ल, रोली सिंह, ममता सिंह, मानस भूषण त्रिपाठी, कुँवर आनन्द सिंह, अभिनव उपाध्याय, अश्वनी उपाध्याय, सतेन्द्र सिंह, राधेश्याम कमलापुरी, विनय यादव, सचिन सिंह, अखिलेश शुक्ल, शिव चरन जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, सुजीत सोनी, राकेश उपाध्याय, दुर्गेश अग्रहरी, प्रदीप निषाद, अंकित पाण्डेय, सर्वजीत भारती, अतुल यादव, शिव विशाल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मस्जिद पर इस्राइली हवाई हमले में 19 की मौत



**देर अल–बला (गाजा पट्टी), (आभा)।** गाजा पट्टी की एक मस्जिद पर इस्राइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी। फलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्राइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ युद्ध का दायरा बढ़ाते हुए उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में बमबारी तेज कर दी है। इस्राइल सात अक्टूबर को हमास के हमले के करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है।

मध्य देर अल–बला शहर के मुख्य अस्पताल के समीप एक मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया। इजराइल ने सबूत उपलब्ध कराए बिना कहा कि उसने हमास के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। एक पत्रकार ने अल–अक्सा शहीद अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। एक अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल है।

इस बीच, सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया (श्रंइंसपं) में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की, जहां इजराइल की स्थापना के आसपास 1948 के युद्ध के घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर स्थित हैं। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखायी दे रहे हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: 60 मामलों में 2 का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता–बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत से सम्बंधित अधिकारी मौके पर जा कर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने तहसील भानपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिया। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए तथा सभी तथ्यों की भॅलीभॉति जांच करने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। निस्तारण में किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संज्ञान में लाये, जिससे प्रकरण का समयान्तर्गत निस्तारण हो सके। उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि कुल 60 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व के 24, पुलिस के 6, विकास के 7, विद्युत के 12, पूर्ति के 2 तथा अन्य विभागों से 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. राजेश कुमार, डीएफओ जय प्रकाश, डीपीआरओ रतन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस संजय सिंह, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहें।

# नाना, नाती से कथित चोरी के मामले में गौर पुलिस पर एक लाख रूपये के वसूली का आरोप



**संवाददाता–बस्ती।** गौर थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 14 चन्द्रशेखर आजाद नगर निवासी दलित कैलाशनाथ ने पुलिस महानिदेशक, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जन जाति आयोग के साथ ही अनेक विभागीय उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। पत्र में कैलाशनाथ ने कहा है कि उनके घर के सामने शिव कुमार के घर में गत 31 अगस्त को चोरी हो गई। सूचना पर गौर और बभनान पुलिस मौके पर पहुंची। कैलाशनाथ के घर में लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज को देखा फोटो में चोर की पहचान न होने पर पुलिस चली गई। 3 सितम्बर को गौर व पुलिस चौकी बभनान पुलिस उनके घर पहुंची और उन्हें और नाती 11 वर्षीय अंश को गाडी पर बैठाकर थाने ले गयी। दो दिन तक गौर पुलिस ने नाबालिग अंश और 70 वर्षीय कैलाशनाथ को को मारा पीटा, धमकियां दी। गौर थानाध्यक्ष राम कुमार राजभर, बभनान पुलिस चौकी इन्चार्ज अनन्त कुमार मिश्र, सिपाही लवकुश यादव ने नाना और नाती को छोड़ने के लिये चार लाख रूपये की मांग किया। न देने पर चोरी के फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। कैलाशनाथ के अनुसार गौर पुलिस ने एक लाख रूपये की रिश्वत लेकर उन्हें छोड़ दिया और नाबालिक नाती अंश का चालान कर दिया। तीसरे दिन वह जमानत पर छूटा।

पत्र में कैलाशनाथ ने कहा है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने के साथ ही दोषी एक लाख रूपये की धन उगाही करने वाले गौर पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। उन्हे आशंका है कि शिकायत करने के नाते गौर पुलिस उन्हें और उनके परिवार को किसी फर्जी किसी मामले में फंसाकर उत्पीड़न कर सकती है। यदि उसके या परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो गौर थानाध्यक्ष राम कुमार राजभर, बभनान पुलिस चौकी इन्चार्ज अनन्त कुमार मिश्र, सिपाही लवकुश यादव आदि को भी जिम्मेदार माना जाय।

# युवाओं को दिया डिजिटल प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र देकर बढाया हौसला



**संवाददाता–बस्ती।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अंकुर वर्मा ने रैंक स्किल्स एकेडमी आवास विकास निकट काली मंदिर में रैंक स्किल एकेडमी के छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र देकर पुरस्कृत करते हुये उनका हौसला बढाया। अंकुर वर्मा ने कहा कि यदि डिजिटल माध्यमों के लाभ हैं तो उनके खतरे भी हैं। युवा पीढी को ऐसा प्रशिक्षण मिले जिससे वे स्वयं के साथ ही स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सके। रैंक स्किल एकेडमी मैंनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार दुबे ने बताया कि आज के आधुनिक युग में डिजिटली स्किल्ड की जरूरत को देखते हुए डिजिटल मार्केटिंग जैसे कोर्स के साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से युवाओं को जहां बड़ा आकाश मिलता है वहीं डिजिटल के अनेक प्लेटफार्म से युवा स्वरोजगार और आय भी विकसित कर रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें डिजिटल के तकनीकी पक्ष और अवसरों से अवगत कराना है। निदेशक ई. एस. के. मौर्या ने कहा कि रैंक स्किल्स एकेडमी सिर्फ शिक्षा नहीं बल्कि कैरियर निर्माण का केंद्र है। इस अवसर पर एपी.एन. पी.जी. कालेज से गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा ज्योति मिश्रा को पुरस्कृत करने के साथ ही सचिन कुमार, सत्यम मिश्र, जयन्त गुप्ता, आयुष यादव, जान्हवी द्विवेदी, अंजली, शिवांगी आदि को प्रमाण–पत्र देकर उनका उत्साह बढाया गया।

# जगत कल्याण के लिए वराह रुप धारण किए भगवान



**संवाददाता–अयोध्या।** श्रीमती बिंदु त्रिपाठी के प्रथम पुण्यतिथि उनके पुण्य स्मृति में नया घाट स्थित श्री राम कथा पार्क में मूर्धन्य पंडित उमापति त्रिपाठी महाराज के आशीर्वाद से तीन कलश तिवारी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अयोध्या के सौजन्य से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा तृतीया दिवस की बेला में जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज ने भागवत कथा के सत्र में राजा परीक्षित के समक्ष सुखदेव जी ने भगवान के विराट स्वरूप और वराह अवतार की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। इस कथा में भगवान विष्णु के वराह अवतार के रूप में हिरणाक्ष का वध कर पृथ्वी का कल्याण कैसे किया स्वामी जी विस्तार से बताया।उन्होंने बताया कि भगवान का विराट स्वरूप समस्त ब्रह्मांड का प्रतीक है, जिसमें सारा संसार समाहित है। भगवान के विराट शरीर में सम्पूर्ण सृष्टि, पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि और वायु का स्थान है। इस विराट स्वरूप को देख कर राजा परीक्षित अत्यंत प्रभावित हुए और भगवान की अनंत शक्तियों का अनुभव किया।

जगतगुरु महराज ने बताया कि जब पृथ्वी को असुर हिरणाक्ष ने समुद्र के भीतर छिपा लिया था, तब भगवान विष्णु ने वराह (सूअर) रूप धारण किया और हिरणाक्ष का वध किया। वराह रूप में भगवान ने समुद्र की गहराइयों में जाकर पृथ्वी का उद्धार किया और उसे अपने दांतों पर उठा कर पुनः उसकी जगह पर स्थापित किया।

इस प्रकार भगवान ने पृथ्वी का कल्याण कर समस्त जीवों की रक्षा की।जब–जब संसार में धर्म की हानि होती है और अधर्म का वर्चस्व बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर पृथ्वी की रक्षा करते हैं। कथा सुनते समय राजा परीक्षित ने भगवान की महिमा का अनुभव किया और उनकी भक्ति में लीन हो गए।कथा शुभारंभ के पहले पंडित शिवेश्वरपति त्रिपाठी, पंडित श्रीशपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और व्यास पीठ पर विराजमान जगतगुरु स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के विश्राम मेला पुनः आरती उतारी के और प्रसाद वितरण किया गया। आज की कथा में सैकड़ो की संख्या में कथा प्रेमी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत रूद्रेश त्रिपाठी ने किया।

# रश्मि डीएम तो प्राची तिवारी बनी एक दिन की एडीएम

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के तहत शनिवार को चार छात्राओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया। अफसर बनी चारों छात्राओं ने लोगों की शिकायत सुनी। साथ ही शिकायतों के निस्तारण का निर्देश भी दिया। राजकीय बालिका इंटर कालेज भिनगा की कक्षा–12 की छात्रा रश्मि कसौधन को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। इसके साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना खरगौरा की कक्षा–आठ की छात्रा प्राची तिवारी को अपर जिलाधिकारी व कक्षा–सात की छात्रा रीना को एक दिन का एसडीएम बनाया गया। इस दौरान एक दिन की डीएम रश्मि कसौधन ने बाकायदा जिला कलेक्ट्रेट की कुर्सी पर बैठकर डाक फाइलों पर हस्ताक्षर किया तथा जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायत सुनी। इसी तरह अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा की 12वीं की मेधावी छात्रा राज नन्दिनी को भिनगा कोतवाली का एक दिन का कोतवाल बनाया गया। एक दिन की कोतवाली बनी राज नन्दिनी ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जनसुनवाई की। जनसुनवाई में भिनगा के मोहल्ला अंसारी निवासी जाहिदा पत्नी अब्दुल रसीद के शिकायती पत्र की जांच के लिए आरक्षी अश्वनी वर्मा को आदेशित किया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तीकरण करना है। जिसके तहत जिले की मेधावी छात्राओं को बुलाकर उच्च पदों पर आसीन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि अभी हमारी नई युवा पीढ़ी है, जो स्कूली शिक्षा में अध्ययनरत है उन्हें इसके माध्यम से प्रेरणा मिल सके तथा शासन–प्रशासन के उच्च पदों पर जाने के लिए उनका मनोबल बढ़ सके। उन्होंने कहा कि नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा। लोगों को बताना है कि बेटिया भी बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्हें बिना भेदभाव के शिक्षित कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, बीएसए अजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण करने वाले जाएंगे जेल –डीएम

**संवाददाता–गोण्डा।** सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाई होनी चाहिये । जिससे बार – बार ऐसी शिकायतें न आएं। सरकारी भूमि चकमार्ग, तालाब, खलिहान आदि पर अवैध कब्जा करने वालों की जगह जेल होनी चाहिये। यह बातें मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान में शिकायते सुनते हुए डीएम नेहा शर्मा ने कही। मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 118शिकायतें आयीं, जिसमें मौके से 20 शिकायतों का निस्तारण किया गया। पीड़िता सावित्री देवी निवासी भिटौरा ने शिकायत किया कि वह 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला है। उसके पति उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा थे, जिनकी मृत्यु 2017 में हो गयी है। परिवारजन प्रमाण पत्र तहसील से न मिलने से पारिवारिक पेंशन नहीं बन पा रही है। डीएम ने तत्काल जांच करके परिवारजन प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश एसडीएम को दिया। भरपुरवा निवासी राजमन व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने शिकायत किया कि गांव में बीस वर्ष पुराने खंडजे वाली सार्वजनिक मार्ग पर दंबगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे खराब सड़क को नया बनाने के लिए इंटरलांकिग का कार्य नहीं हो पा रहा है। इसकी शिकायत पहले भी सीडीओ व एसडीएम से की गयी थी लेकिन शिकायत का निस्तारण नहीं कराया गया। इस पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताते हुए एसडीएम यशवंतराव व छपिया थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण आज ही तत्काल हटवाकर रास्ता पर अतिक्रमण करने वालों को जेल भेजा जाये। पिपरा तप्पा कोट निवासी शिव कुमार सिंह ने बंजर भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत पर ऐसे लोगों को भू माफिया घोषित कर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। धुसवा के विश्वनाथ चकमार्ग खाली कराने की मांग किया। मदनापुर की संगीता ने नाली निर्माण कराने की मांग किया। अम्बरपुर के रतीराम ने रास्ते में कटीला तार लगा कर रास्ता बाधित करने की शिकायत किया। परसा के सूर्यमणि तिवारी ने रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की मांग किया।

वनटांगिया अशरफाबाद के राजाराम ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत किया। बार एसोसिएशन के महांमत्री अजय शुक्ला व वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामलाल शुक्ल ने तहसील में जीर्णोद्धार के नाम पर बिना कार्य हुए चालीस लाख रूपये व्यय का बोर्ड लगाने के मामले की जांच कराने की मांग किया। इस मौके पर एसपी विनीत जायसवाल, डीएसओ कृष्ण गोपाल पान्डेय, डीपीआर ओ लालजी दूबे, सीओ आरके सिंह, एसडीएम यशवंत राव व तहसीलदार सतपाल सिंह सहित तमाम जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 20 इंटर कालेजों के 1400 मेधावी छात्र सम्मानित हुए

**संवाददाता–गोण्डा।** नन्दिनी कालेज में इन दिनों चल रहे मंडलीय प्रतिभा सम्मान समारोह के क्रम में शनिवार को जिले के करनैलगंज ब्लाक के 11वीं और 12वीं के इस साल के नतीजे में प्रथम श्रेणी में पास होने वाले 20 इंटर कालेज के 1400 छात्र छात्राओ को पूर्व सांसद बृजभूषण शरण के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर मौजूद विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचयात अध्यक्ष धनश्याम मिश्रा, विभाग प्रचारक प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई। पूर्व सांसद ने कहा कि जिले और मंडल के प्रतिभाओं को भविष्य के लिए बेहतर प्रेरणा मिल सके। इसी मंसूबे के तहत विगत कई वर्षों से उनके द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। विगत वर्षो में इसका आयोजन ब्लाक के मुख्यालयों पर होता था। इस वर्ष यह आयोजन अयोध्या के सन्निकट और गोमाता नन्दिनी के पावन भूमि पर स्थित जिले में उच्च शिक्षा की अग्रणी संस्थान नन्दिनी में आयोजित किया गया है। समारोह को जिला पंचयात अध्यक्ष और विभाग प्रचारक द्वारा भी सम्बोधित किया गया। मंच पर करनैलगंज ब्लाक से लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सर्वाधिक वोटों से जीत दिलाने वाले टाप–टेन बूथ के कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। संचालन डा नवीन सिंह ने किया। समारोह में उपस्थित लोगो में विवेक सिंह जिला पंचायत सदस्य , संजय सिंह प्रधान मालवली , वीरेंद्र सिंह पांडे चौरा , राजेश सिंह प्रधान पांडे चौरा , डब्बू सिंह चचरी, आशू मिश्रा , देवेश ओझा रामपुर , पराग दुबे नारायणपुर माझा , गंगा बक्स यादव प्रधान विजय सिंह पूरे अजब , मुन्ना सिंह प्रधान , प्रदीप सिंह, छोटकउ सिंह, बृजेंद्र शुक्ला कटरा शाहबाजपुर , पवन सिंह चरहुआ , शुभम सिंह प्रतापपुर , राजबकाश बाबा चचरी , ओम प्रकाश सिंह फतेहपुर कोटहाना , ओंकार सिंह , शैलेंद्र पांडे ,डा परमेश्वर सिंह, अशोक सिंह, डा बी एल सिंह , डा देवानंद तिवारी, डॉ एमके सिंह, डा सुनील तिवारी , डा शत्रुघ्न सिंह ,डॉ आर बी सिंह , सोनू सिंह, पिंकल सिंह रहे।

# बौडिहारनाथ धाम में विधि विधान से मां दुर्गा मंदिर प्रतिमा स्थापित: भक्तों ने शुरू किया पूजन अर्चन



**संवाददाता–बस्ती।** नवरात्रि के अवसर पर गौर विकास खण्ड क्षेत्र के श्री बौडिहारनाथ धाम में प्रमुख समाज सेवी दयाशंकर पटवा द्वारा आदि शक्ति मां दुर्गा मंदिर की प्रतिमा स्थापना का कार्य वैदिक परम्परा के अनुरूप विधि विधान से सम्पन्न हुआ और आचार्य गणों की उपस्थिति में भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना आरम्भ किया।

समाज सेवी दयाशंकर पटवा ने बताया कि उनकी वर्षो से इच्छा थी कि बौडिहारनाथ धाम में मां दुर्गा का मंदिर निर्माण कराकर देवी प्रतिमा स्थापित कराया जाय। सबके सामूहिक प्रयास से यह संकल्प पूरा हुआ। बौडिहारनाथ धाम सेवा ट्रस्ट बौडिहार बेलघाट द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है। बताया कि मंदिर में पहले से ही पौराणिक बौडिहारनाथ का शिव मंदिर आस्था का केन्द्र है और द्वादश ज्योर्तिलिंग की पहले से ही स्थापना की गई है। मंदिर परिसर में देवी देवताओं की प्रतिमायें स्थापित हैं। यह मंदिर पहले से प्रसिद्ध है और मां देवी की प्रतिमा स्थापित होने के साथ ही इसकी आध्यात्मिक भव्यता और बढ गई है।

बडी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पूरी आस्था के साथ बौडिहारनाथ धाम स्थित नव निर्मित मां देवी के मंदिर में पूजन अर्चन आरम्भ किया।

अयोध्या धाम से आये पुजारी श्री राम शास्त्री और उदयभान पाण्डेय ने शिष्यों के साथ विधि विधान से मां देवी प्रतिमा को स्थापित कराया। वैदिक रीति के अनुरूप 5 अक्टूबर से मां देवी प्रतिमा का पूजन अर्चन भक्तों द्वारा आरम्भ हो गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से एवं क्षेत्राधिकारी हरैया अशोक मिश्र, थानाध्यक्ष पैकोलिया धर्मेन्द्र यादव, रमाकान्त पाण्डेय, बाबा लाल मोहन दास, उमाशंकर पटवा, मनोज सिंह, कृपाशंकर पटवा, रमेश पटवा, वृजेश पटवा, जयेश पटवा, संदीप पटवा, सुमित चावला, राधेश्याम पटवा, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, कुसुम पटवा, सुशीला मिश्र, शैल कुमारी, हनुमान प्रसाद मिश्र, शशिकान्त पाण्डेय, अनिल मिश्र, राम नरेश यादव, राम सूरत यादव, के साथ ही बड़ी संख्या में आस–पास के गांवों के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुरस्कार वितरण के साथ ग्रीन वैली एकेडमी में हिन्दी पखवारा सम्पन्न



**संवाददाता–बस्ती।** शनिवार को ग्रीन वैली एकेडमी मिश्रौलिया में हिन्दी पखवारा के समापन अवसर पर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षक राजेन्द्र सिंह 'राही' ने कहा कि सभी भाषायें महत्वपूर्ण हैं, हिन्दी हमारी मातृ भाषा है। इस पर विशेष ध्यान देना होगा। एकेडमी के निदेशक डा. अजीत प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य संध्या सिंह ने बताया कि हिन्दी पखवाडे में निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। कक्षा 1 के अभिराज श्रीवास्तव प्रथम, राजरतन द्वितीय, देवराज सिंह तृतीय, कक्षा 2 में दीपनारायण सिंह प्रथम, दिव्यांश गौतम द्वितीय, आभाष चौधरी तृतीय, कक्षा 3 में आकृति सिंह प्रथम, अनन्या सिंह द्वितीय, आर्या सिंह तृतीय, कक्षा 4 में आराध्या प्रथम, रिया कसौधन द्वितीय, सौम्या चौधरी तृतीय, कक्षा 5 में आयुषी प्रथम, ऐंजल गौतम द्वितीय, आराध्या, ऐश्वर्य तृतीय, कक्षा 6 में परिधि प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, आरव प्रजापति तृतीय, कक्षा 7 में कार्तिक प्रथम, अक्षिता द्वितीय, अंशिका उपाध्याय तृतीय और कक्षा 8 में अंशिका प्रथम, साक्षी सरोज द्वितीय, डाली यादव को तृतीय पुरस्कार शील्ड, प्रमाण–पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## सम्पादकीय

# दो राज्यों का जनादेश

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। इसके साथ ही हरियाणा में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसलिए भी नजर है क्योंकि ये नतीजे आगामी राज्यों के चुनाव पर भी असर डाल सकते हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे पर कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि नतीजे निराशाजनक हैं। सुबह तक हमें पूरी उम्मीद थी। हमारे सभी कार्यकर्ता बहुत निराश हैं क्योंकि इन्होंने पिछले 10 सालों में कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत कुछ सहा है। लेकिन अब हमें इन सब बातों से पीछे हटते हुए एक नए सिरे से आगे सोचना होगा क्योंकि जैसे अभी चल रहा है वो ऐसे ही तो नहीं चलेगा। पार्टी को किस तरह से राज्य में सींचा नहीं गया, ताल–मेल नहीं रखा गया, कौन से लोग थे जो सबको साथ लेकर चलने के जिम्मेदार थे ये भी बाते हैं। राज्य में क्या संदेश गया है। किसलिए लोग कांग्रेस की सरकार बनाते हुए पीछे हट गए? ये सब बातें देखनी पड़ेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय हमें लगा कि मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। बहुत कुछ होते हुए हमने सब बातों पर पर्दा डालते हुए चुनाव लड़ा। चुनाव तक और चुनाव के दौरान बहुत सी बातें हुई। आज कहना अच्छा नहीं लगेगा तो इस बात को यहीं छोड़ देते हैं। पार्टी को इसको लेकर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री होंगे, श्रीनगर में नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने यह घोषणा की। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों में जीत की ओर बढ़ रही है। फारूक अब्दुल्ला ने यह घोषणा तब की है, जब यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस–एनसी गठबंधन 10 वर्षों में जम्मू–कश्मीर में पहला विधानसभा चुनाव जीतेगा। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों के बाद लोगों ने हमें अपना जनादेश दिया है। कहा हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि हम उनकी उम्मीदों पर खरे उतरें। यहां 'पुलिस राज' नहीं बल्कि जनता का राज होगा। हम जेल से निर्दोष लोगों को रिहा करने का प्रयास करेंगे। मीडिया स्वतंत्र रहेगा। हमें हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विश्वास विकसित करना होगा। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि ष्लोगों ने अपना जनादेश दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे 5 अगस्त को लिए गए फैसले (अनुच्छेद 370 को निरस्त करना) को स्वीकार नहीं करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि गठबंधन के सहयोगी जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की लड़ाई में नेशनल कॉन्फ्रेंस की मदद करेंगे, जो अपने विशेष दर्जे को खत्म करने के बाद केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद जहां बीजेपी के हौसले बुलंद हुए हैं, वहीं कांग्रेस और विपक्षी दलों के लिए यह नतीजे एक बड़ा झटका हैं। हरियाणा के चुनाव नतीजों से एक संदेश यह निकलकर गया है कि विपक्ष बीजेपी को जिन मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर रहा था, ये मुद्दे असरदार साबित नहीं हुए। हरियाणा ही नहीं जम्मू–कश्मीर के चुनाव नतीजे भी बीजेपी के लिए अच्छे रहे हैं। पार्टी ने यहां जम्मू इलाके में ही डटकर चुनाव लड़ा था। जम्मू की 43 में से 29 सीटों पर पार्टी को जीत मिलती दिख रही है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अग्निवीर योजना, किसानों की समस्याओं, संविधान और आरक्षण खतरे में है, को मुद्दा बनाया था। तब उसे इसका फायदा मिला था लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विपक्ष के भी कई नेताओं ने संविधान और आरक्षण खत्म हो जाने की बात कही थी और जब चुनाव के नतीजे आए तो यह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था कि बीजेपी को इसका नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने हरियाणा के चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि किसान बीजेपी से नाराज हैं, अग्निवीर योजना के कारण युवा बीजेपी से नाराज हैं और दलित समुदाय को इस बात का डर है कि बीजेपी संविधान और आरक्षण को खत्म कर सकती है। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों में बीजेपी ने तमाम अनुमानों, एग्जिट पोल को उलट दिया और राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की है। बहरहाल मतदाताओं ने भाजपा, कांग्रेसनीत गठबंधन सबको मुस्कुराने का मौका दिया है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विजेता जनता के सवालों पर कितना खरा उतरते हैं।

# जम्मू– कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत



जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 के खात्मे के बाद पहली बार चुनाव हुए। चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को अच्छी सफलता हासिल हुई। वहीं बीजेपी ने जम्मू रीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, एआईपी के कैंपेन में कश्मीर को लेकर विभिन्न किस्म के वादे और दावे किए गए। जम्मू–कश्मीर में राजनीतिक परिदृश्य अब्दुल्ला और मुफ्ती के राजवंशों के ईर्द गिर्द ही घूमता रहा है। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां भी प्रभाव डालने की होड़ में समय समय पर नजर आई हैं। चुनाव तीन चरण में चुनाव हुए थे और 64 प्रतिशत मतदान हुए थे। कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र की 90 सीटों में से 24 पर 18 सितंबर को पहले चरण में, 26 पर 25 सितंबर को दूसरे चरण में तथा 40 पर एक अक्टूबर को तीसरे चरण में मतदान हुआ था।

कांग्रेस में गुटबाजी हावी रही। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद कुमारी सैलजा के बीच तनातनी जगहाजिर है। सैलजा खुद को सीएम पद का प्रबल दावेदार बता चुकी हैं। वहीं चुनाव के दौरान कुमारी सैलजा के बारे में तथाकथित भूपेंद्र हुड्डा समर्थक की अभद्र टिप्पणी से बड़ा बवाल मचा। खुद सैलजा ने प्रचार से दूरी बना ली। बाद में राहुल गांधी उन्हें मंच पर लाए और हुड्डा से हाथ मिलवाया। हालांकि अब भी दोनों एक साथ नहीं आए।

असंध के कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर गोगी ने कहा था कि कांग्रेस जीतती है तो पहले अपना घर भरेंगे। इसका वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने इस मुद्दे को भ्रष्टाचार से जोड़ा और कांग्रेस पर आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया। कांग्रेस ने डैमेज कंट्रोल का प्रयास किया लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था।

किसान, पहलवान और जवान का मुद्दा भी कांग्रेस भुनाने में कामयाब नहीं रही। इनके अलावा, कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने पर्ची खर्ची का मुद्दा बनाया और इसको जमकर भुनाया भी। कांग्रेस पर्ची खर्ची की काट नहीं कर पाई, बल्कि कांग्रेस के प्रत्याशियों ने खुले तौर पर यह बयान दिए कि कोटे से नौकरियां मिलेंगी, इसका प्रदेशभर में गलत संदेश गया और भाजपा ने इसी मुद्दे को भुनाया। कांग्रेस मैरिट मिशन को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं बना पाई। दूसरा., राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही संविधान के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की, लेकिन लोगों में यह फार्मूला इस बार नहीं चला।प्रधान मंत्री मोदी के लिए, जम्मू–कश्मीर चुनाव एक चुनौती और एक अवसर दोनों था। भाजपा सरकार द्वारा 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना एक महत्वपूर्ण क्षण था जिसने राज्य की विशेष स्थिति को बदल दिया और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया। बीजेपी अपने इस कदम का जिक्र राष्ट्रीय राजनीति में एक साहसिक निर्णय के रूप में करती है। जम्मू–कश्मीर के लोग भाजपा के विकास और सुरक्षा की बातों पर उस हद तक मुहर लगाते नजर नहीं आए या फिर कहे कि स्थानीय मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श पर हावी हो गए। कश्मीर के परिणाम नेशनल– इंटरनेशनल स्तर पर आलोचकों को बढ़ावा दे सकता है, जो तर्क देते हैं कि इस कदम से वादे के मुताबिक जम्मू–कश्मीर के लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ है।

कांग्रेस के लिए और विशेष रूप से राहुल गांधी के लिए चुनाव पार्टी की खोई हुई जमीन वापस पाने की क्षमता के प्रमुख संकेतक के रूप में काम करेंगे। कांग्रेस की परंपरागत रूप से जम्मू–कश्मीर में पकड़ रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उसने अपनी उपस्थिति खो दी है। गांधी स्थानीय भावनाओं के साथ जुड़कर अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ मुखर रहे हैं। कांग्रेस के लिए एक अच्छा परिणाम राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्तर पर अपने नेतृत्व के लिए मामला पेश करने में मदद कर सकता है। कांग्रेस के लिए, यह चुनाव सिर्फ सीटें हासिल करने के बारे में नहीं है बल्कि जम्मू–कश्मीर के राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में प्रासंगिकता बनाए रखने के लिहाज से भी अहम थी।

अब्दुल्ला परिवार और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) जम्मू–कश्मीर चुनाव उनके क्षेत्रीय प्रभाव का परीक्षण रहा। फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली पार्टी दशकों से जम्मू–कश्मीर की राजनीति में की प्लेयर रही है। उन्होंने अनुच्छेद 370 पर भाजपा के रुख का विरोध किया और जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आह्वान किया। एनसी का शानदार प्रदर्शन जम्मू–कश्मीर के राजनीतिक परिदृश्य में अब्दुल्ला की मौजूदगी को फिर से पुख्ता किया। फारूक अब्दुल्ला भाजपा का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय दलों के बीच एक संयुक्त मोर्चा बनाने के बारे में मुखर रहे हैं और एक मजबूत गठबंधन बना। जिसका असर इस चुनाव में दिखा।

मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को अलग थलग नहीं पड़ने देने का वादा किया था। सरकार बहुत पहले से कहती आ रही है कि केंद्र शासित प्रदेश में जल्द ही चुनाव होंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सरकार ने बिना किसी किंतु परंतु के अपना वादा पूरा किया। फौरी तौर पर देखें तो जम्मू कश्मीर में सरकार नहीं बना पाई लेकिन इसे बड़े विजन के तौर पर देखा जा सकता है। खासकर, राष्ट्र के निर्माण के रूप में कश्मीर में सफलतापूर्वक चुनाव करवाना दुनिया भर को संदेश है कि भारत ने कश्मीर पर अवैध कब्जा नहीं किया हुआ है। वहां के लोगों को अपनी पसंद की सरकार चुनने का पूरा अधिकार है। अभी तक के जम्मू कश्मीर के चुनाव आतंक के साये में होते रहे हैं। दहशत के डर से बहुत से लोग वोट करने की नहीं निकलते थे। कई बार तो पूरी आबादी का 10 प्रतिशत भी वोट नहीं देखने को मिलता था। तमाम प्रतिबंधित संगठनों के ऐसे लोग जो पहले आतंकवादी कार्यवाही में लिप्त रहे हैं उन्हें भी लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेने का मौका मिला।

# मासूम संग रेप के मामले को लेकर बढ़नी कस्बे में तनाव सड़क पर उतरे लोग, आरोपी को फांसी देने की मांग



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** बढ़नी कस्बे के एक वार्ड में तीन अक्तूबर की शाम नौ वर्षीय मासूम संग रेप की घटना से नाराज एक पक्ष के लोग रविवार को सड़क पर उतर आएं। उन्होंने आरोपित को फांसी की सजा व उसके घर को बुलडोजर से गिराने की मांग करते हुए दुकान बंद कराने लगे। दुकान बंद कराने को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने हो गए। इस दौरान एक युवक ने पत्थरबाजी कर दी। इससे मामला बिगड़ गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया। कस्बे में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। दरअसल तीन अक्तूबर की शाम कस्बे के एक वार्ड की नौ वर्षीय मासूम बच्ची संग उसी वार्ड के एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने रेप कर दिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं रविवार को घटना से नाराज एक पक्ष के लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने आरोपित को फांसी की सजा व उसके घर को बुलडोजर से गिराने की मांग करते हुए दुकान बंद कराने लगे। कस्बे के माल गोदाम रोड, राम जानकी मंदिर रोड, बस स्टॉप व चट्टी बाजार के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर उनको समर्थन दिया। इसके लोग दुकान बंद कराते हुए गोला बाजार में पहुंचे। यहां एक दुकान खुली देख बंद कराने वाले लोग अक्रोशित हो गए और दुकान बंद करने को लेकर नारेबाजी करने लगे।

इसको लेकर दुकानदार से बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख दुकानदार के समर्थन में भी दूसरे पक्ष के कई लोग आ गए और दोनों पक्ष आमने सामने हो गया। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों के लोग लामबंद होने लगे। इसी दौरान कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर गली में दुकान बंद करा रहे लोगों पर दूसरे पक्ष के कुछ युवक ईंट–पत्थर फेंक निकल पड़े। एक युवक के हाथ में तलवार भी दिखी। मामले की जानकारी होते ही एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम व तहसीलदार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान बाजार बंद करा रहे पक्ष ने एक घर के छत से पत्थरबाजी का आरोप लगाते हुए उस घर में पत्थरबाजी करने वालों की छिपे होने की बात करते हुए उन्हें प्रशासन से उन्हें घर से बाहर निकालने की बात करने लगे और सड़कों पर नारेबाजी करने लगे। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला बेकाबू होते देख लाठी चार्ज कर भीड़ को तितर बितर कर काबू पाया। फिलहाल घटना को लेकर बढ़नी में तनाव की स्थिति बनी हुई है। कस्बे के संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

बढ़नी कस्बे के एक पक्ष के लोगों ने रविवार को माल गोदाम तिराहे पर एकत्र होकर बढ़नी की बेटी को न्याय दो, बलात्कारी को फांसी दो के नारे लगाए और थानाध्यक्ष ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोपित को फांसी देने और उसके घर की पैमाइश कराकर बुलडोजर से ध्वस्त करने की मांग की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, व्यापारी नेता प्रदीप कमलापुरी,विनीत कमलापुरी,गणेश अग्रहरि,सचिन गोयल,अजय जायसवाल, विजय पांडेय, ध्रुव चतुर्वेदी, मनोज गोयल आदि मौजूद रहे।

बढ़नी कस्बे में तीन अक्तूबर की शाम हुई घटना में तत्काल केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसी आरोपित को फांसी देने व उसके घर को गिराने की मांग को लेकर कुछ लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देकर वापस लौटते समय कुछ दुकानों को बंद कराने का प्रयास किया गया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर हालात को नियंत्रण किया। वर्तमान में शांति व्यवस्था कायम है। मौके पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

# एजुकेटर भर्ती के विरोध में कार्यकर्त्रियों ने की बैठक, बुलंद की आवाज



**संवाददाता–महराजगंज।** नौतनवा के रतनपुर ब्लाक में आंगनबाड़ी संगठन नौतनवा की ओर से ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के विरोध में बैठक की गई। इस दौरान कार्यकर्त्रियों ने भर्ती रद्द कराने के लिए आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाई। कहा कि यह आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के लिए अन्याय है और इसे नहीं होने दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष छाया भारती ने कहा कि सरकार अपनी इस गलत नीति से कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। कार्यकर्त्रियों का मुख्य कार्य ही बच्चों को खेल–खेल में शिक्षा देना व उनका समग्र विकास करना है। साथ ही आईसीडीएस के मूल 6 उद्देश्यों को भी हम पूरा कर रहे हैं। ऐसे में एजुकेटर पद पर आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा रखकर आईसीडीएस का निजीकरण करना, सरकार की गलत नीति है। इसका डटकर विरोध किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष कुसुम कान्ति त्रिपाठी ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमारी ट्रेनिंग बच्चों को पढ़ाने की है।

फिर अलग से एजुकेटर की भर्ती क्यों की जा रही है? हमें उसी कार्य के लिए 6000 रुपये मिलते हैं। जबकि एजुकेटर को 10 हजार रुपये से अधिक देने की बात की जा रही है। संगठन के बारे में जागरूक किया गया और ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के विरोध में जारी आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रिंकी देवी, कोषाध्यक्ष राजमती देवी, एडवोकेट रमाकान्ति त्रिपाठी, बुद्धेश्वरी देवी, उमाकांति, रानी दूबे, नीतू मिश्रा, चन्द्र प्रभा चौधरी, पूनम श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, सीमा चौधरी, संगीता श्रीवास्तव, मंशा गुप्ता, रेखा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# जहां यज्ञ हवन होगा वहां शुद्ध पवन होगा




**संवाददाता–बस्ती।** ईश्वर को लेकर दुनिया में बहुत भ्रांतियां फैली हुई हैं। लोग अपने अनुसार ईश्वर का व्याख्यान कर रहे हैं जिससे हिंदू समाज आज भटका हुआ है। उसे सही रास्ते पर लाने के लिए एकमात्र उपाय वेद है। जो ईश्वर के प्राप्ति का सही रास्ता बताता है। यह बातें आर्य समाज नई बाजार बस्ती के51वें वार्षिकोत्सव में वैदिक प्रवक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने ईश्वर का वास्तविक स्वरूप विषय पर व्याख्यान देते हुए कही। उन्होंने बताया कि ईश्वर सर्व व्यापक है उसे आंखों से देखा नहीं जा सकता। ईश्वर के कार्यों को देखकर ईश्वर के विषय में जाना जा सकता है। मनुष्य ईश्वर के बनाए हुए मंदिर के महत्व को नहीं समझ रहा है और इंसान के बनाए हुए मंदिर में भगवान की तलाश कर रहा है।

उन्होंने अपने व्याख्यान में निर्गुण एवं सगुण की विस्तार से चर्चा किया और कहा कि धर्म के नाम पर अपनी दुकान चलाने वाले लोग देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्हें यह नहीं पता कि वेद मार्ग पर चलकर ही जीवन की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। भजनोपदेशिका पण्डिता रुक्मणी देवी ने अपने भजन 'हे ज्योतिपुंज भगवन मेरे मन में क्यों अंधेरा' प्रस्तुत कर कार्यक्रम को नई चेतना दी और ईश्वर का वास्तविक स्वरूप समझाया। बिजनौर से पधारे आर्य समाज के प्रसिद्ध भजनोपदेशक योगेश दत्त आर्य ने 'जहां यज्ञ हवन होगा वहां शुद्ध पवन होगा' भजन प्रस्तुत कर लोगों को यज्ञ का महत्व बताया और कहा कि इससे पर्यावरण भी जीवनदायी होगा। ईश्वर का वैदिक स्वरूप विषय पर तर्क देते हुए 'सृष्टि में व्यापक प्रभु है दृष्टि में आता नहीं' भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

उन्होंने कहा कि ईश्वर सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है। परमात्मा के सिवा सृष्टि को और कोई नहीं रच सकता। और इस संसार में ईश्वर का मंदिर कोई नहीं बना सकता। यज्ञ कराते हुए आचार्य सुरेश जोशी ने बताया कि यज्ञ करने से हमें हमें अपार आत्मबल प्राप्त होता है। यज्ञ से समस्त जीवों का कल्याण होता है। ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने बताया कि आगामी 8 अक्तूबर को आर्य वीर दल का शौर्य प्रदर्शन दिन में 2बजे से 4बजे तक होगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। यजमान के रूप में नवीन कुमार श्रीवास्तव, सत्या पाण्डेय, कंचनलता आर्य, अमित कुमार, मनीष कुमार सपरिवार यजमान रहे।

# धर्मांतरण की सूचना पर बरहज मिशन स्कूल पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता, किया हंगामा



**संवाददाता–देवरिया।** जिले के बरहज नगर स्थित मिशन स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण की शिकायत पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता रविवार को स्कूल में पहुंचे। आपत्तिजनक सामग्री मिलने पर हंगामा किया। इसकी सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य मय फोर्स मौके पर पहुंचे। मिशन स्कूल स्थित चर्च में काफी दिनों से प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण की शिकायतें मिल रहीं थी। प्रार्थना सभा मे भारी भीड़ देख हिंदूवादी संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं को भी कुछ शक हुआ। प्रमोद मिश्र, जितेंद्र भारत, मुकेश पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सुबह करीब दस बजे स्कूल परिसर स्थित चर्च में पहुंचे। पहले पूछताछ की। इस दौरान कुछ आपत्तिजनक सामग्री मिलने पर हंगामा शुरू कर दिया। आपत्तिजनक सामग्री की छिनने लगे। इसी भी प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत किया। नायब तहसीलदार ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# कन्या जन्मोत्सव मनाकर समझाया बेटियों का महत्व

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनगा में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीएम व एसपी ने केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान कन्या भ्रूण हत्या, लिंगानुपात व बालिका शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए बेटा–बेटी में भेदभाव न करने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने नवजात शिशुओं की माताओं को अंगवस्त्र व उनके परिजनों को बेबी किट व मिष्ठान वितरित किया। डीएम ने कहा कि लड़का–लड़की में भेदभाव न करें। दोनों को समान शिक्षा दें। जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है तथा समाज में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। वहीं एसपी ने कहा कि बेटियों को जन्म लेने और कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक जघन्य अपराध रोकने के उद्देश्य से जन जागरूकता के लिए महिला कल्याण विभाग की ओर कन्या जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

# कांग्रेस पर फिर बरसे पीएम मोदी, हिंदुओं को बांटने का लगाया आरोप, बोले- उसे न विकास से मतलब, न विरासत से

एजेंसी

महाराष्ट्र। पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हू कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था। लेकिन कांग्रेस की सारी साजिशें ध्वस्त हो गई। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय




का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों का डर पालती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिकरण कर रही है। मोदी ने कहा कि आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है। हरियाणा के ओबीसी बीजेपी के विकास कार्यों को देखकर उसके साथ है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया।

## टूटी हुई पटरी से गुजर गयी वैशाली एक्सप्रेस...बिहार में रची गयी ट्रेन पलटने की साजिश ? बड़ा रेल हादसा टला



एजेंसी

बिहार। बेगूसराय-खगड़िया रेल लाइन पर दनौली फुलवरिया और लाखो स्टेशन के बीच वैशाली एक्सप्रेस टूटी हुई पटरी पर से गुजरी। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया और कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। टूटी पटरी की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और अन्य ट्रेनों के लिए रूट बंद कर दिया। भारत में रेल हादसे क्या किसी साजिश के तहत हुए हैं या वह सच में एक एक्सीडेंट थे। काफी समय से देखा जा रहा है कि रेल हादसे बढ़ गये हैं। जांच के बाद पता चला के यह जानबूझकर एक प्लानिंग के साथ रेलगाड़ियों की पटरी से छेड़छाड़ की जा रही हैं। ताकि एक बड़े रेल हादसे को अंजाम दिया जा सकते। काफी समय से रेल की पटरियों पर छेड़ छाड़ और ट्रेनों पर पथराव आदि जैसी वारदातों को अंजाम दिया गया लेकिन यह षड्यंत्रकारी अपने कार्य में सफल नहीं हो सके। एक बार फिर से एक बड़ा रेल हादसा टल गया है। अगर यह हादसा होता को काफी बड़ा नुकसान हो सकता था। बिहार में बेगूसराय-खगड़िया रेल लाइन पर दनौली फुलवरिया और लाखो स्टेशन के बीच वैशाली एक्सप्रेस टूटी हुई पटरी पर से गुजरी। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया और कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। टूटी पटरी की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और अन्य ट्रेनों के लिए रूट बंद कर दिया। करीब आधे घंटे तक रूट बाधित रहा, जिसके कारण कई ट्रेनें देरी से चलीं। राज्यरानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं। हालांकि, वैशाली एक्सप्रेस के गुजरने के तुरंत बाद पीछे से तिनसुकिया-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस आ गई, लेकिन रेलवे अधिकारियों के समय पर हस्तक्षेप से लाल झंडा दिखाकर ट्रेन को रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार रेलवे फाटक संख्या 41 के पास किलोमीटर संख्या 154६5-7 पर रेलवे ट्रैक चटक गया था। सीमेंटेड स्लीपर से टकराई मालगाड़ी इस बीच उत्तर प्रदेश के रायबरेली में भी ट्रेन पलटाने की साजिश का मामला सामने आया है।

## हरियाणा में हार पर राहुल गांधी ने तोड़ी चुप्पी, कहा- संघर्ष जारी रखेंगे, जम्मू-कश्मीर की जनता का जताया आभार

एजेंसी

हरियाणा। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर राहुल गांधी ने बुधवार को चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने जीत के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी धन्यवाद दिया। राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया - प्रदेश में प्छक्प् की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। प्रधानमंत्री मोदी ने



जम्मू कश्मीर चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को उसके प्रदर्शन पर बधाई दी कांग्रेस नेता ने कहा कि हकध् का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे। भाजपा) ने मंगलवार को हरियाणा में कांग्रेस की उम्मीदों को तोड़ते हुए और 10 साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को बेअसर करते हुए शानदार जीत हासिल की और सत्ता की 'हैट्रिक' लगाई। वहीं, जम्मू-कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने बाद पहली बार कराए गए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की निर्णायक जीत का श्रेय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। पांच महीने में ही फर्श से सीधे अर्श पर पहुँच गये इस जीत से आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का उत्साह बढ़ा है जहां वह अपने दो सहयोगियों के साथ कठिन लड़ाई के लिए तैयार है। साथ ही पार्टी का आगामी झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए भी मनोबल बढ़ा है। भाजपा के साथ-साथ नेका-कांग्रेस गठबंधन को क्रमशः हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत मिला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज छह महीने पहले मनोहर लाल खट्टर को अप्रत्याशित रूप से हटाकर मुख्यमंत्री बनाए गए 54 वर्षीय नायब सिंह सैनी के अपने पद पर बने रहने की संभावना है।

## मायावती ने विरोधी पार्टियों पर साधा निशाना

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) को बहुजन समाज के आत्म सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन की राह में बाधा करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि बसपा ही उनकी 'सच्ची मंजिलश है जो उन्हें 'शासक वर्ग का हिस्सा बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। मायावती ने बसपा संस्थापक कांशीराम के 18वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'एक्सश पर सिलसिलेवार पोस्ट किया। बामसेफ, डीएस4 व बीएसपी के जन्मदाता एवं संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर श्री कांशीराम जी को आज उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा यूपी व देश भर में उन्हें विभिन्न रूपों में श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले पार्टी के सभी लोगों व अनुयाइयों का तहेदिल से आभार।

## बीजेपी का बढ़ता वोट शेयर पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ते विश्वास का संकेत

हरियाणा। भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार चुनाव जीत चुकी है। इस जीत के बाद भाजपा के नेता तरुण चुघ ने भी बयान दिया है। तरुण चुघ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में भाजपा का बढ़ता वोट शेयर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों के बढ़ते विश्वास का स्पष्ट संकेत है। मंगलवार को एएनआई से बात करते हुए चुघ ने कहा कि लोग जम्मू-कश्मीर के लिए दीर्घकालिक विकास योजनाओं में विश्वास करते हैं और उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विजन ने नेशनल कॉन्फ्रेंस से अधिक वोट हासिल किए हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा ने 29 सीटें जीतीं, जो 2014 के चुनाव में मिली 25 सीटों से भी अधिक है। भारतीय चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को 25.64 प्रतिशत वोट

## विजयादशमी पर गोपूजन कर सीएम योगी ने की गोसेवा, सरोवर में मछलियों को खिलाया चारा

गोरखपुर। गोसेवा के प्रति सीएम योगी बेहद संवेदनशील रहते हैं। उनका गोमाता और गोवंश से आत्मीय लगाव है। विजयादशमी पर गोपूजन करने के



दौरान हमेशा की तरह उनकी आत्मीयता का भाव दिखाई दे रहा था। पूजन के साथ वह गोवंश को दुलारते भी रहे। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी के विशिष्ट पूजन के क्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोपूजन किया।गोमाता के माथे पर तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजनोपरांत मुख्यमंत्री ने गोमाता को प्रेम और श्रद्धाभाव से गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की। गोसेवा के प्रति सीएम योगी बेहद संवेदनशील रहते हैं। उनका गोमाता और गोवंश से आत्मीय लगाव है। विजयादशमी पर गोपूजन करने के दौरान हमेशा की तरह उनकी आत्मीयता का भाव दिखाई दे रहा था। पूजन के साथ वह गोवंश को दुलारते भी रहे। विजयादशमी अनुष्ठान के दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर ने भीम सरोवर का पूजन कर इसमें रहने वाली मछलियों को भी लाई (चारा) खिलाया।

# गोरक्षपीठाधीश्वर का पारंपरिक तिलकोत्सव हुआ संपन्न, संतों ने बारी–बारी लगाया तिलक

गोरखपुर। तिलकोत्सव कार्यक्रम में सबसे पहले पीठ से जुड़े योगी, संत, पुजारी, पुरोहित आदि ने मंगलपाठ के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाया। नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार उन्हें दंडवत प्रणाम किया। उसके बाद गृहस्थ श्रद्धालुओं ने बारी–बारी से गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम निवेदित कर उनका आशीर्वाद व प्रसाद प्राप्त किया। विजयादशमी के पावन पर्व पर शनिवार दोपहर में गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर का पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर साधु–संतों ने गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाकर प्रणाम किया। पीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाया और आशीर्वाद प्रदान किया।

इसके बाद गृहस्थ श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम कर उनसे आशीष प्राप्त किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने सभी को विजयदशमी की शुभकामना के साथ



आशीर्वाद दिया। तिलकोत्सव में शामिल सभी लोगों को प्रसाद और प्रसाद स्वरूप ही मंदिर के शक्तिपीठ की वेदी पर उगाए गए जई के ज्वारे दिए गए।

तिलकोत्सव कार्यक्रम में सबसे पहले पीठ से जुड़े योगी, संत, पुजारी, पुरोहित आदि ने मंगलपाठ के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाया। नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार उन्हें दंडवत प्रणाम किया। उसके बाद गृहस्थ श्रद्धालुओं ने बारी–बारी से गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम निवेदित कर उनका आशीर्वाद व प्रसाद प्राप्त किया।

तिलकोत्सव में सीएम योगी से आशीर्वाद लेने वालों में कई जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में संतजन और गृहस्थ श्रद्धालु शामिल रहे।

## मेरी नहीं हुई तो किसी और का भी नहीं होने दूंगा... तेजाब फेंकने की देता है धमकी–केस दर्ज

गोरखपुर। युवती ने शाहपुर थाने में पादरी बाजार के सुंदर नगर कॉलोनी विशाल सिंह पर केस दर्ज कराया है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।शाहपुर इलाके की युवती ने तहरीर देकर बताया कि विशाल से फरवरी 2025 में शादी होनी थी। अब शादी टूट चुकी है। शाहपुर में एक युवक शादी टूटने के बाद युवती को आते जाते देखकर छेड़खानी करता है। युवती को धमकी देकर बोलता है कि तुम्हारे हाथ पैर तोड़कर शादी करूंगा। किसी और से भी शादी नहीं होने दूंगा। परेशान होकर युवती ने शाहपुर थाने में पादरी बाजार के सुंदर नगर कॉलोनी विशाल सिंह पर केस दर्ज कराया है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।शाहपुर इलाके की युवती ने तहरीर देकर बताया कि विशाल से फरवरी 2025 में शादी होनी थी।

विज्ञापन अब शादी टूट चुकी है। इसके बाद भी विशाल आए दिन पीछा करता है। कहता है कि मुझसे शादी नहीं करोगी तो कहीं और भी नहीं होने दूंगा। एक दिन मेरे रूम तक आकर पत्थर फेंकने लगा। आठ अक्तूबर को ऑटो में जाते समय वह भी चढ़ गया और मुझे मारने पीटने लगा।

धमकी दी कि तुम्हारे चेहरे के ऊपर तेजाब फेंक दूंगा और वीडियो वायरल कर दूंगा। नौ अक्तूबर को रात में मैंने 1090 पर फोन कर शिकायत की थी।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी, गलियों में उड़ेगा ड्रोन

गोरखपुर। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं व पूजा समिति की मदद के लिए सिविल डिफेंस के लोग भी मदद करेंगे। मनमानी या उपद्रव करने वालों को चिन्हित करने के लिए शहर में प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर 205 सीसी टीवी कैमरे लगाएं गए हैं। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोई उपद्रव करके बच नहीं पाएगा। इस बार विसर्जन मार्ग और उसके आस–पास की गलियों में कुल 205 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही ड्रोन उड़ाकर छत और गलियों में भी निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से शहर को तीन जोन और नौ सेक्टर में बांटा गया है।

जिले में स्थापित 3,994 प्रतिमाओं की सुरक्षा में पांच सीओ, 27 निरीक्षक, 110 सब इंस्पेक्टर, 4010 सिपाही और तीन कंपनी प्लाटून पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। बीट सिपाही को क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का नोडल बनाया गया है। विसर्जन स्थल पर भी सुविधा के लिए फोर्स की ड्यूटी लगी है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं व पूजा समिति की मदद के लिए सिविल डिफेंस के लोग भी मदद करेंगे। मनमानी या उपद्रव करने वालों को चिन्हित करने के लिए शहर में प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर 205 सीसी टीवी कैमरे लगाएं गए हैं।गड़बड़ी करने वालों की पहचान कर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिले में 82 स्थानों पर रामलीला का आयोजन हो रहा है। 319 स्थायी अस्थायी विसर्जन स्थल बनाए गए हैं। 64 स्थानों पर रावण का पुतला दहन किया जाएगा। गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक शनिवार को निकलने वाली शोभायात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। अपराह्न तीन बजे से शोभायात्रा समाप्त होने तक गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन नहीं जाएंगे। यात्रा के समय दो पहिया वाहन भी प्रतिबंधित रहेंगे।एंटी ड्रोन सिस्टम से निगरानी करने के साथ ही एटीएस के कमांडो को मुस्तैद कर दिया गया है। शोभायात्रा मार्ग में पड़ने वाले 252 घरों के अंदर व छत पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व डीएम कृष्णा करुणेश ने शुक्रवार शाम गोरखनाथ थाने के सभागार में सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी, इंस्पेक्टर, थानेदार व दारोगा की बैठक ली।शोभायात्रा की सुरक्षा में चार एएसपी, 15 सीओ, 19 निरीक्षक, 87 दारोगा, तीन कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ, एटीएस कमांडो व 452 सिपाहियों की ड्यूटी लगी है।

## बर्डघाट: बिजली कटी तो माहौल भड़कीला... फिर शुरू हुई 'रामलीला'– 'अंधेरे' में प्रभु की आरती कर जताया विरोध

गोरखपुर । बर्डघाट रामलीला परिसर में चोरी से बिजली उपभोग की झूठी सूचना पर बिजली आपूर्ति बंद कराने और सफाई न होने से नाराज रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को रामलीला का मंचन रोक दिया और धरने पर बैठ गए। 162 वर्ष के इतिहास में पहली बार प्रभु श्रीराम की आरती अंधेरे में हुई। जानकारी मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ कोतवाली मौके पर पहुंच गए। बिजली विभाग के एक्सईएन को बुलाया गया। उन्होंने लिखित रूप से बिजली चोरी न होना स्वीकार किया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ और दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का स्वागत किया।

रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का आरोप है कि स्थानीय पार्षद लाली गुप्ता और उनके पति के दबाव में नगर निगम के जिम्मेदारों ने साफ–सफाई ठीक से नहीं कराई। इसी बीच मंचन होता रहा और अयोध्या से आए दो कलाकारों को डेंगू हो गया। उधर, मौके पर जांच करने आई टीम ने पाया कि नगर निगम के स्ट्रीट लाइट बिजली निगम के ट्रांसफार्मर से जलाई जा रही है।



बृहस्पतिवार को पार्षद की ओर से बिजली चोरी की झूठी सूचना दी गई, जिसके बाद बिजली की सप्लाई बाधित कर दी गई थी। इससे नाराज कमेटी के पदाधिकारियों ने शाम चार बजे से ही व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना भेजकर विरोध–प्रदर्शन का निर्णय लिया।

महामंत्री हरिद्वार वर्मा के नेतृत्व में शाम साढ़े छह बजे धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ कैंट पहुंच गए। फिर बिजली विभाग के एक्सईएन एके चौहान को बुलाया गया। एक्सईएन ने शिकायत पत्र पर ही लिख कर दिया कि प्रथमदृष्टया कोई विद्युत चोरी प्रतीत नहीं होती है।सीओ कोतवाली ओंकार तिवारी ने बताया कि चोरी से बिजली उपभोग की शिकायत पर रामलीला कमेटी के सदस्य नाराज थे। बिजली निगम के अधिकारी ने आकर समझाया तो लोग मान गए। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हो गया।

## चेतावनी: आईएमए ने कहा, 'केस दर्ज हुआ तो पूरे प्रदेश में विरोध करेंगे डॉक्टर' न आएं दबाव में

गोरखपुर। आईएमए के राज्य अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल व राज्य सचिव डॉ. विश्व बंधु जिंदल ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि कुछ लोग डॉक्टरों के खिलाफ दुष्प्रचार में लगे हैं। आईएमए प्रशासन से मांग करता है कि दुष्प्रचार के दबाव में आकर डॉ. सरकारी पर केस दर्ज न करें। गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी प्रकरण में आईएमए खुलकर सामने आ गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व सचिव ने गोरखपुर यूनिट से मामले की जानकारी ली है। साथ ही कहा है कि अगर डॉक्टर पर केस दर्ज हुआ तो प्रदेशभर में विरोध करेंगे। आईएमए के राज्य अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल व राज्य सचिव डॉ. विश्व बंधु जिंदल ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि कुछ लोग डॉक्टरों के खिलाफ दुष्प्रचार में लगे हैं। आईएमए प्रशासन से मांग करता है कि दुष्प्रचार के दबाव में आकर डॉ. सरकारी पर केस दर्ज न करें। उन्होंने कहा कि डॉ. अनुज के सिर पर पुलिसकर्मी ने हथौड़े से कई बार प्रहार कर हत्या का प्रयास किया था। लेकिन कुछ गैर जिम्मेदार लोग डॉ. सरकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए शासन–प्रशासन पर बेवजह दबाव बना रहे हैं।

## दुर्गा पंडाल में भोजपुरी गाना न बजाने पर मारपीट

सरदारनगर। अवधपुर स्टेशन टोला निवासी गोलू उर्फ अविनाश ने चौरीचौरा थाने की पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दुर्गा पंडाल में भोजपुरी गाना न बजाने पर गांव के ही आधा दर्जन युवकों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। गोलू ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में रखी गई दुर्गा प्रतिमा पंडाल में भक्ति गीत बजाया जा रहा था। बुधवार रात 11रू30 बजे गांव के कुछ मनबढ़ आए और भोजपुरी गाना बजाने की जिद करने लगे। मना करने पर गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

# ट्रैक पर रखी साइकिल साबरमती एक्सप्रेस के इंजन में फंसी, बड़ा हादसा टला



**संवाददाता—संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर के पुराने एआरटीओ कार्यालय के सामने शनिवार की सुबह रेल ट्रैक पर रखी साइकिल साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में फंस गई। गनीमत रही कोई हादसा नहीं हुआ लेकिन इस घटना से हड़कंप मच गया। करीब 200 मीटर आगे जाकर चालक ने ट्रेन रोक कर साइकिल निकाली। इस दौरान करीब सात मिनट तक ट्रेन रुकी रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन (19410) शनिवार की सुबह गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही थी। सुबह 6:02 बजे खलीलाबाद शहर के पुराने एआरटीओ कार्यालय के पास ट्रेन पहुंची थी कि रेल ट्रैक पर रखी साइकिल इंजन में फंस गई। ट्रेन करीब 200 मीटर दूर जाकर लोको पायलट ने ट्रेन रोकी और साइकिल को बाहर निकाली। फिर 6:09 बजे ट्रेन आगे रवाना हो गया। चालक राम सरन ने स्टेशन अधीक्षक खलीलाबाद को इसकी सूचना दी। एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी सुशील कुमार सिंह के अलावा आरपीएफ, जीआरपी मौके पर पहुंची। साइकिल किसकी थी और वहां कैसे पहुंची, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुटी है।

शनिवार सुबह छह बजे सूचना मिली कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में पुराने एआरटीओ कार्यालय के पास ट्रैक पर पड़ी साइकिल फंस गई। ड्राइवर ने ट्रेन रोक कर साइकिल निकाली और फिर रवाना हो गई। इस दौरान करीब सात मिनट ट्रेन रुकी रही। आरपीएफ, जीआरपी के साथ मौके की जांच पड़ताल में पता चला कि जिस स्थान पर ट्रेन रुकी थी, वहां पगडंडी का रास्ता है। आसपास घर बने हुए हैं। हर बिंदु पर जांच की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बकरी का शिकार करने आया था भेड़िया, गांववालों ने घेरा फिर पीट-पीटकर मार




**संवाददाता—बहराइच।** महसी तहसील के करीब 50 गांव में आतंक का पर्याय बने आदमखोर भेड़ियों के झुंड के छठे और आखिरी सदस्य को रामगांव थानांतर्गत तमाचपुर गांव में शनिवार—रविवार की दरमियानी रात ग्रामीणों ने पीट—पीट कर मार डाला। बहराइच के प्रभागीय वन अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने रविवार सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारा गया भेड़िया आदमखोर भेड़ियों के झुंड का वही छठा और अंतिम सदस्य है जिसकी वन विभाग को तलाश थी। उन्होंने बताया कि भेड़िए के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात हमें जानकारी मिली कि महसी तहसील के रामगांव थानांतर्गत तमाचपुर गांव में एक भेड़िए को लोगों ने मार डाला है। हम लोग वहां पहुंचे तो हमें मृत भेड़िया तथा एक बकरी का शव बरामद हुआ। भेड़िए के शरीर पर चोट के निशान थे और खून बह रहा था। नजदीक से देखने पर पाया गया कि मृत भेड़िया एक वयस्क मादा थी।

उन्होंने कहा कि भेड़िया आबादी वाले इलाके में घुसा था और एक बकरी को उठाकर ले जा रहा था। रास्ते में गांव वालों ने उसे घेरकर मार डाला। मृत भेड़िए को पोस्टमार्टम के लिए रेंज कार्यालय लाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यदि कोई विशेष अतिरिक्त जानकारी सामने आई तो उसे साझा किया जाएगा।

सिंह ने बताया कि उधर तमाचपुर गांव के कुछ ग्रामीणों ने पत्रकारों से बताया कि भेड़िए ने गांव में एक घर के आंगन में मां के पास सो रहे मासूम बच्चे पर हमला करने की कोशिश की थी लेकिन मां के चिल्लाने की आवाज सुनकर भेड़िया भाग निकला और वहीं एक बकरी पर हमला कर दिया। गांव में भेड़िया आने की सूचना पाकर सतर्क हुए ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और पीट—पीट कर मार डाला।

बहराइच के महसी तहसील अंतर्गत घाघरा नदी के कछार में स्थित 50 गांवों के हजारों नागरिक तकरीबन दो महीने से भेड़ियों के हमलों से दहशत में थे। गत 17 जुलाई से सात बच्चों सहित आठ लोगों की हमलों से मौत हुई है जबकि करीब 36 लोग भेड़िए अथवा अन्य जानवरों के हमलों से घायल हुए थे।

वन विभाग के अनुसार छह आदमखोर भेड़ियों का एक झुंड गांव के लोगों पर हमले कर रहा था। इनमें से पांच को पहले ही पकड़ा जा चुका है जबकि झुंड का एक मात्र भेड़िया अभी पकड़ा जाना शेष था। झुंड का पांचवा भेड़िया 10 सितम्बर को पिंजरे में कैद कर चिड़ियाघर भेजा गया था।

# 22 अक्टूबर से प्रारंभ होगा नंदीग्राम महोत्सव, राज्यपाल और के मंत्री होंगे सम्मानित

**संवाददाता—अयोध्या।** प्राचीन भरत गुफा भरत हनुमान मिलन मंदिर मणिराम दास छावनी नंदीग्राम भरतकुंड में आगामी 22 अक्टूबर से इक्कीस कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीरामकथा का भव्य आयोजन हो रहा है। जिसकी अध्यक्षता मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास महाराज करेंगे। यह कार्यक्रम कमलनयन दास भरतकुंड फाउंडेशन के संयोजन में संचालित होगा। मणिरामदास छावनी अयोध्या मे प्रेस से मुखातिब होते हुए कमलनयन दास महाराज ने बताया कि नंदीग्राम महोत्सव समारोह गुरूदेव श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्यगोपाल दास महाराज के संरक्षकत्व में हो रहा है। नंदीग्राम महोत्सव के व्यवस्थापक संत परमात्मा दास ने बताया कि इक्कीस कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की कलशयात्रा पंचकोसीय परिक्रमा के साथ प्रातः 9 बजे मंडप प्रवेश, समारोह का उद्घाटन 11 सौ हनुमान चालीसा पाठ, नवाह पारायण पाठ प्रतिदिन,भजन संध्या, महाआरती, रामलीला मंचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विद्यालय के बच्चों की प्रतियोगिता प्रतिदिन संपादित होगी। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर को बिहार से प्रस्थान कर भरतकुंड नंदी ग्राम तक लवकुश भगवान की यात्रा पधारेगी। 23 अक्टूबर को देवी पूजन, ।प्रतिदिन शास्त्रीय संगीत ,भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम संपादित होगा ।24 अक्टूबर को अरणी मंथन के साथ यज्ञ प्रारंभ, विद्यालय के बच्चों का कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 25 अक्टूबर को श्रीरामकथा की अमृत वर्षा का श्रीगणेश जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज के श्रीमुख से होगी। 26 अक्टूबर को दक्षिण भारत (मैलापुर चेन्नई) किंचितकारम धर्म संस्थापनम द्वारा कार्यक्रम सुबह साढ़े ग्यारह बजे से साढ़े तीन बजे तक संचालित होगा। 27 अक्टूबर को देवी पूजन, नवाह पारायण पाठ, श्रीराम महायज्ञ, भरत चरित्र पर श्रीरामकथा, विद्यालय के बच्चों द्वारा कार्यक्रम, भजन संध्या, रामलीला मंचन का कार्यक्रम किया जाएगा।

# देर रात घर के अंदर पहुंचा विशालकाय मगरमच्छ, मचा हड़कंप



**संवाददाता—बहराइच।** जिले की तहसील मिहीपुरवा अंतर्गत कतर्नियाघाट के सुजौली रेंज के ग्राम पंचायत सुजौली के त्रिलोकीगोढ़ी गांव में देर रात राजेंद्र यादव के घर में अचानक मगरमच्छ घुस गया। मगरमच्छ देख कर हड़कंप मच गया। आसपास सो रहे लोग मगरमच्छ के हमले से बाल—बाल बच गए। शोर और चीख—पुकार मचने पर देखते ही देखते पूरा गांव एकत्रित हो गया। मगरमच्छ निकलने की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता,वनकर्मियों और थाना सुजौली प्रभारी हरीश सिंह को दी गई। मौके पर सुजौली प्रधान राजेश गुप्ता,उप निरीक्षक रविशंकर ,हेड कांस्टेबल अफजल, वन दरोगा राघवेंद्र सिंह ,मुंशी मोहम्मद उमर ,वाचर हीरालाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू करवाने की कोशिश की गई। देर रात से शुरू हुआ यह रेस्क्यू सुबह तक चलता रहा। इस दौरान कड़ी मशक्कत करने के पश्चात मगरमच्छ को रेस्क्यू किया जा सका।

# घर पर पांच दिनों से रह रहे युवक ने अपने साढ़ू का गला काटकर मार डाला



**संवाददाता—गोण्डा।** इटियाथोक कोतवाली के गांधी चबूतरा गांव के बाग में शुक्रवार रात रिश्तेदारी में आए युवक ने पहले छककर शराब पी और फिर अपने ही बड़े साढ़ू का धारदार हथियार से गला रेतकर फरार हो गया। खून से लथपथ साढ़ू किसी तहर अपने घर पहुंचा। आसपास के लोग इलाज के लिए उसे लेकर बलरामपुर जिला अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया । मृतक के बेटे की तहरीर पर बलरामपुर निवासी युवक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी कीर्तिवर्धन तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व सीओ शिल्पा वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों परिवार से जानकारी ली। फॉरेंसिक व डाग स्क्वायड टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया है।बताया जाता है कि गांधी चबूतरा निवासी लालजी शिल्पकार के घर शुक्रवार की शाम उसका छोटा साढ़ू बलरामपुर देहात कोतवाली के रामपुर खगईजोत निवासी कोनिया शिल्पकार मिलनेवाली आया था। रात करीब आठ बजे दोनों घरों से कुछ दूरी पर स्थित एक बाग में जाकर शराब पीने लगे। उसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि छोटे साढ़ू कोनिया शिल्पकार ने बड़े साढ़ू लालजी शिल्पकार का किसी धारदार हथियार से गला रेत कर मौके से फरार हो गया। घायलावस्था में लालजी शिल्पकार किसी तरह से अपने घर पहुंचा। परिवार के लोग लालजी को खून से लथपथ देख इलाज के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे अरुण की तहरीर पर आरोपी कोनिया शिल्पकार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के साले ओमप्रकाश ने बताया कि कोनिया पुत्र मस्तु के साथ करीब 12 वर्ष पूर्व उसके बहन गीता देवी का विवाह हुआ था। शादी के कुछ वर्ष बाद पति—पत्नी के बीच वाद विवाद हुआ करता था। परिवार के लोगों ने कई बार मामले को सुलझाने का प्रयास भी किया लेकिन कोनिया शिल्पकार बहन को प्रताड़ित किया करता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर मेरी बहन गीता देवी अपने बच्चों के साथ करीब एक साल से मेरे घर रहती थी। एक सप्ताह पूर्व बहनोई कोनिया शिल्पकार बहन को लेने घर आया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद—गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला—द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद—गोरखपुर से प्रकाशित।

प्रधान संपादक :

शक्ति शंकर

मो नं.
7233999001

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।